प्रेस नोट - दिनांक 21.05.2025

थाना फतेहपुर चौरासी,जनपद उन्नाव।

UNNAO POLICE

लाइसेंसी बंदूक से फायर कर युवक को घायल करने वाला अभियुक्त व लाइसेंसधारक गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा लाइसेंसी बंदूक से फायर कर युवक को घायल करने वाला अभियुक्त व लाइसेंसधारक को लाइसेंसी बन्दूक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20.05.2025 को वादिनी श्रीमती निर्मला पत्नी राकेश निवासिनी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव ने थाना फतेहपुर चौरासी पर तहरीर सूचना दि कि दिनांक 19.05.2025 की रात्रि समय 10.15 बजे प्रिंस उर्फ कल्लू पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव द्वारा दिनेश पुत्र स्व0 सुखपाल निवासी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव की लाइसेंसी बन्दूक से मेरे पुत्र प्रदीप पुत्र राकेश को गोली मार दी है जो गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज हैलट कानपुर नगर में चल रहा है। प्राप्त तहरीर सूचना पर थाना फतेहपुर चौरासी पर मु0अ0सं0 186/2025 धारा 109 B.N.S. व 27/30 A Act बनाम 1. प्रिंस उर्फ कल्लू पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव 2. दिनेश पुत्र स्व0 सुखपाल निवासी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव हालपता म0नं0 495 नियर सिद्धान्त वर्ण स्कूल गंगा बिहार कालोनी जनपद लखनऊ पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में आज दिनांक 21.05.2025 को प्रभारी निरीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्तगण 1.प्रिंस उर्फ कल्लू उपरोक्त को ग्राम डकौली से गिरफ्तार किया गया तथा 2.दिनेश उपरोक्त को म0नं0 495 नियर सिद्धान्त वर्ण स्कूल गंगा बिहार कालोनी से

गिरफ्तार कर तथा कब्जे से 01 अदद लाइसेंसी शस्त्र .12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस .12 बोर व शस्त्र लाइसेंस बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.प्रिंस उर्फ कल्लू पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष

2. दिनेश पुत्र स्व0 सुखपाल निवासी ग्राम साल्हेपुर पुरवा मजरा कुडीना थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव उम्र करीब 62 वर्ष

बरामदगी –

01 अदद लाइसेंसी शस्त्र .12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस .12 बोर व शस्त्र लाइसेंस।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.SHO श्री ज्ञानेन्द्र कुमार

2. उ0नि0 श्री गंगा प्रसाद

3.का0 मनोज अत्री

4.का0 हिमांशु चौधरी

प्रेस नोट - दिनांक 21.05.2025

थाना अचलगंज,जनपद उन्नाव।

चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर दो बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण मे लिया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा दो बाल अपचारियों को चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर पुलिस संरक्षण मे लिया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 21.05.2025 को वादी मनोज कुमार पुत्र राम प्रसाद नि0 रौतापुर थाना अचलगंज जनपद उन्नाव द्वारा थाना अचलगंज पर तहरीरी सूचना दी गई कि दिनांक 19.05.2025 को प्रार्थी ने अपनी स्पेलन्डर प्लस मोटरसाइकिल UP 35AM 2384 हड़हा गैस एजेन्सी के पास खड़ी की थी। दिनांक 20.05.2025 को प्रार्थी को मोटरसाइकिल वहां से चोरी हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 232/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 21.05.2025 को थाना अचलगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो बाल अपचारियों के कब्जे से चोरी की उपरोक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर दोनों बाल अपचारियों को कोल्हुवागाड़ा बाइपास के पास से पुलिस संरक्षण मे लिया गया, आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी –

स्पेलन्डर प्लस मोटरसाइकिल UP 35AM 2384

पुलिस संरक्षण मे लेने वाली टीम-

1.उ0नि0 हरिओम सिंह

2.उ0नि0 तफूज अहमद

3. का0 सुनील कुमार

4.का0 अमरजीत

5. का0 प्रवीण चौरसिया